# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

कोरबा,दिनांक 12.06.2024

फा.क्र स्टे./2024 / 1008

## द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम,कोरबा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। अतः व्यवसाय से संबंधित अनुभवी फर्म/प्रदायकर्ता से फार्म " बी " में मुहरबंध निविदाएं मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि–लिफाफा पद्वति माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। स्वीकृत निविदा दर एक वर्ष अथवा आगामी निविदा दर स्वीकृत होने तक मान्य रहेगा।

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 27.06.2024 सायंकाल 3.00बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 28.06.2024 सायंकाल 11.00बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कल राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटरीकृत जॉब वर्क कार्य | - | 50000/- | 750/- | फार्म बी | 01 वर्ष | 28.06.2024 |

**निविदा की शर्तेः–**

1. निविदा दरे प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज हाथों–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा आई.टी.आई. कॉलोनी रामपुर, कोसाबाड़ी जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॉक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा प्रपत्र त्रि–लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगाः–
   (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   (ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनों लिफाफाएँ होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हें निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
6. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु इच्छुक ठेकेदारों को आवेदन पत्र के साथ यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, जॉव वर्क कार्य हेतु शासकीय कार्यालय/ नगरीय निकाय में 5 वर्ष के कार्यानुभव प्रमाण पत्र, सर्विस टेक्स पंजीयन एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रायपुर एवं ई.एस.आई.सी. से पंजीयन कराकर कोड प्राप्त कर लिया हो अन्यथा निविदा प्रपत्र प्रदाय नहीं किया जावेगा। पिछले वित्तीय वर्ष का **आय चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन एवं** विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) हस्ताक्षरयुक्त एवं निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क्र. 04 के लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।

8. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्वयं परीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।
9. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
10. शासन द्वारा समय–समय पर परिवर्तनशील मंहगाई दर को आपको एवं प्रति श्रमिक निविदा दर के अंतर का लाभ प्रदाय किया जावेगा।
11. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
12. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
13. शासन के विभिन्न विभागों जैसेः– खजिन विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
14. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
15. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत् समय में एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवावदारी ठेकेदार की होगी।
16. आवेदन के साथ कम से कम 30 ऑपरेटरों का कार्य हेतु शैक्षणिक प्रगाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
17. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
18. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त के द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
19. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
20. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

नोटः–

1. अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नगद जमा रसीद पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।
2. उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समयएवं स्थान माना जावे।

(ठेकेदार के हस्ताक्षर)

लेखा अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

नाम ........................................

पूर्ण पता ........................................

........................................

मोबाईल नं.– ........................................

प्रतिलिपिः– प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) Uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

## कम्प्यूटरीकृत जॉबवर्क कार्य बाबत

| क. | विवरण | | दर प्रतिमाह |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटरीकृत जॉब वर्क कार्य | Contractor Rate | |
| | | Profit | |
| | | EPF | |
| | | ESIC | |
| | | Total | |
| | | GST | |

लेखा अधिकारी
नगर पालिक निगम,
कोरबा (छत्तीसगढ़)